भारत सरकार

विदेश मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 4887

01.04.2022 को उत्तर दिए जाने के लिए

भूटान और श्रीलंका के साथ समझौता ज्ञापन

4887. डॉ. तालारी रंगैय्या:

क्या **विदेश मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने हाल ही में भूटान और श्रीलंका के साथ किसी समझौते ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं; और

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इससे क्या परिणाम की आशा है?

उत्तर

विदेश राज्य मंत्री

[श्री वी. मुरलीधरन]

(क) और (ख) पिछले तीन वर्षों में, भारत ने पर्यावरण, अंतरिक्ष सहयोग, भारत और भूटान के ज्ञान नेटवर्क के बीच संपर्क, विमान दुर्घटनाओं और घटना की जांच, कानूनी और न्यायिक शिक्षा, शैक्षणिक आदान-प्रदान और एसटीईएम सहयोग आदि के क्षेत्रों में भूटान के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं।

पिछले तीन वर्षों में, श्रीलंका के साथ बुनियादी ढांचे, विकास सहयोग,आवास,नवीकरणीय ऊर्जा, रक्षा, शिक्षा, संस्कृति, सूचना प्रौद्योगिकी, मत्स्य पालन, क्षमता निर्माण और प्रशिक्षण सहित विभिन्न क्षेत्रों में समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किए गए हैं।

समझौता ज्ञापनों से उपरोक्त क्षेत्रों में सहयोग को आगे बढ़ाने का अनुमान है और यह सरकार की "पड़ोस प्रथम" नीति के अनुरूप भूटान और श्रीलंका के साथ संबंधों को और गहरा करने में योगदान देगा।

* * *